**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**17.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

**' मुख्य समाचार''**

- प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में 12 दिन शेष– चरम की ओर बढ़ा चुनाव प्रचार।
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस पार्टी पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का लगाया आरोप।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आरोप– ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा से भाग रही है भाजपा।
- प्रदेश में इस बार 57 लाख 11 हज़ार 9 सौ 69 मतदाता कर सकेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग।

**विस्तार से..............**

**चुनाव प्रचार**

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और 6 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव में अब 12 दिन शेष रह गये हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार में तेजी आ गई है और भाजपा व कांग्रेस के स्टार प्रचारक मैदान में डटे हुए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सहित पार्टी के अन्य बड़े नेता प्रदेश में प्रचार अभियान को गति प्रदान कर रहे हैं, वहीं आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई बड़े स्टार प्रचारक भी प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आएंगे। दूसरी ओर कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी व प्रियंका गांधी सहित कई अन्य शीर्ष नेताओं का भी प्रदेश में प्रचार के लिए आने का कार्यक्रम है।

**जेपी नड्डा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और स्टार प्रचारक जगत प्रकाश नड्डा ने आज प्रदेश में तीन बड़ी चुनाव रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने कांगड़ा संसदीय सीट के तहत फतेहपुर व चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में चुनावी रैलियों को संबोधित किया और लोगों से पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज के पक्ष में मतदान की अपील की। नड्डा ने कांग्रेस पार्टी पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने अपने स्वार्थ के लिए ही इंडी गठबंधन बनाया है। उन्होंने कहा कि देश में विपक्ष के पास कोई एजेंडा नहीं है और आज सभी विपक्षी दल नेतृत्वविहीन और नीतिविहीन हो गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक मज़बूत सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश में विकास के

नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और हिमाचल प्रदेश में मोदी सरकार की मदद से सड़कों का जाल बिछाया गया है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री उज्जवला जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज देश के करोड़ों लोगों को मिल रहा है। नड्डा ने मतदाताओं से पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर राजीव भारद्वाज को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत मांगने वाला नहीं बल्कि देने वाला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और ये आंकड़ा भारत की बदलती छवि को दर्शाता है। जे.पी. नड्डा ने कहा कि एक ओर जहां भाजपा विकसित भारत के एजेंडे को लेकर आगे बढ़ रही है, वहीं विपक्षी दलों का एजेंडा मात्र अपने परिवार का विकास करना है। बाद में उन्होंने शिमला संसदीय सीट के तहत अर्की विधानसभा क्षेत्र के कुनिहार में भी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनीति की संस्कृति को बदल दिया है और अब देश में विकास की राजनीति हो रही है। जे.पी. नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं, गरीबों, शोषितों और पिछड़े वर्गों का विकास सुनिश्चित किया है।

**<u>मुख्यमंत्री</u>**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर ज़िले के अनेक स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। उन्होंने भाजपा नेताओं पर महंगाई व बेरोज़गारी जैसे मुद्दों से भागने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा नहीं करवाना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों की वर्षों से लंबित पुरानी पैंशन योजना बहाली की मांग पूरी की है और महिलाओं को 15 सौ रूपये देने की गारंटी भी पूरी कर दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने सीमित संसाधनों के बावजूद समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा है और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाया गया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि केंद्र सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रदेश में रेल निर्माण के क्षेत्र में कोई काम नहीं हुआ है।

**<u>अनुराग ठाकुर</u>**

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने दावा किया है कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने भारतीय सेना को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने आज चिंतपूर्णी और जसवां–परागपुर विधानसभा क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज भारतीय सेना दुश्मनों को ईंट का जवाब पत्थर से देती है और भारतीय सेना की वीरता के चर्चे आज दुनियाभर में हो रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जम्मू–कश्मीर में पहले पाकिस्तान का सीधा हस्तक्षेप होता था और आए दिन आतंकी घटनाएं, पत्थरबाज़ी व अलगाववाद की खबरें सामने आती थीं, लेकिन मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू–कश्मीर में अमन और चैन है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय से जम्मू–कश्मीर में

पत्थरबाज़ी बिलकुल बंद है और आतंकवाद अपनी अंतिम सांसे गिन रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर सेना के शौर्य पर सवाल खड़ा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांग रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि मोदी सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में सेना के लिए जो कार्य किए गए हैं, वो पिछले 60 वर्षों में नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सेना की वर्षों पुरानी वन रैंक–वन पैंशन की मांग को पूरा किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यू.पी.ए. सरकार के कार्यकाल में एक ओर जहां भारतीय सेना आवश्यक उपकरणों के लिए तरसती थी, वहीं मोदी सरकार ने सेना को सभी अत्याधुनिक हथियार उपलब्ध करवाए हैं। अनुराग ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर झूठे वायदे करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज तक सरकार ने अपना एक भी वायदा पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के समय कांग्रेस सरकार ने एक बार फिर महिलाओं को फॉर्म भरवाकर 15 सौ रूपये देने के नाम पर ठगने की योजना बनाई है।

## मनीष गर्ग

प्रदेश में आगामी चुनावों में 57 लाख 11 हज़ार 9 सौ 69 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे जो पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा 7 दशमलव एक–छः फीसदी अधिक है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि पिछले लोकसभा चुनावों की अपेक्षा इस बार 3 लाख 81 हज़ार 8 सौ 15 मतदाताओं की बढ़ौतरी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 18 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या एक लाख 71 हज़ार 6 सौ 75 है जो पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में 19 हज़ार 2 सौ 82 अधिक है। मनीष गर्ग ने कहा कि प्रदेश में पुरूष मतदाताओं की संख्या 28 लाख 48 हज़ार 3 सौ 26 जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 27 लाख 97 हज़ार 2 सौ 18 है। इसके अलावा इस बार 57 हज़ार 7 सौ 75 दिव्यांग मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे, जो वर्ष 2019 के मुकाबले लगभग 53 फीसदी अधिक है। मनीष गर्ग ने बताया कि राज्य में इस समय एक हज़ार 2 सौ 54 शतायु मतदाता हैं और 60 हज़ार 8 सौ 35 मतदाता 85 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं।

## मुकेश अग्निहोत्री

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज मंडी संसदीय क्षेत्र के तहत भरमौर में चुनाव प्रचार किया। मैहला पंचायत में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की। अग्निहोत्री ने दावा किया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में राज्य के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया है और इसी के दम पर पार्टी चुनाव में जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि देश की जनता बदलाव चाहती है और इस बार इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी।

## विक्रमादित्य सिंह

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने आज मनाली विधानसभा क्षेत्र के अनेक स्थानों पर चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में 10 में से 5 गारंटियों को पूरा किया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कुल्लू ज़िले में एक मैडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज खोलना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भाजपा पर प्रदेश सरकार को अस्थिर करने की नाकाम कोशिश करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि इन चुनावों में कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से विजय हासिल करेगी।

**स्वीप**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप–चुनाव में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से लगातार मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। आज सुबह हमीरपुर में निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता के संदेश को लेकर साईक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस साईकल रेस का शुभारंम्भ मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने उपायुक्त कार्यालय परिसर हमीरपुर में किया। इसके पश्चात मुख्य सचिव ने बी–फिट जिम में 'फिट मतदाता देश का भाग्यविधाता' कार्यक्रम का भी शुभारम्भ किया जिसमें फिटनेस के साथ–साथ युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री व शिमला संसदीय सीट से कांग्रेस प्रभारी रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले के जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र के अनेक स्थानों पर पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की जन विरोधी नीतियों के कारण सेब बागवानी हाशिए पर आ गई है और आयात शुल्क घटने से बागवानों की आर्थिकी पर बुरा असर पड़ा है। रोहित ठाकुर ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सेब की देनदारी देने में विफल रही और वर्तमान राज्य सरकार ने 98 करोड़ की देनदारी का भुगतान कर दिया है। शिक्षा मंत्री ने लोगों से पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में मतदान की अपील की। इस मौके पर सी.पी.एम. नेता राकेश सिंघा और संजय चौहान ने भी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव के अलावा 6 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी।

**नरेश चौहान**

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष नेरेश चौहान ने भाजपा पर भगवान श्रीराम के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा नेता चुनाव के दौरान असली मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने का काम कर रहे हैं और धर्म के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं। नरेश चौहान ने दावा किया कि जनता बदलाव की ओर बढ़ रही है और कांग्रेस पार्टी प्रदेश में चारों लोकसभा सीटों के अलावा 6 विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में भी जीत हासिल करेगी।